हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 14 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज हिन्दी दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री शाह ने कहा कि संविधान सभा ने 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि हिन्दी दिवस के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और यह उपलब्धि राजभाषा के रूप में हिन्दी की हीरक जयंती के रूप में मनाई जा रही है। श्री शाह ने कहा कि सभी भारतीय भाषाएं देश के लिए गौरव और धरोहर की स्रोत हैं तथा इन भाषाओं को समृद्ध किये बिना प्रगति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है तथा हिन्दी सभी स्थानीय भाषाओं की मित्र है। गृहमंत्री ने कहा कि प्रत्येक भाषा हिन्दी को ताकत देती है। गृहमंत्री ने कहा कि राजभाषा विभाग शीघ्र हिन्दी से आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में अनुवाद करने के लिए एक पोर्टल का शुभारंभ करेगा। इस पहल के अंतर्गत पत्रों या भाषणों का बहुत कम समय में कृत्रिम मेधा के माध्यम से सभी भाषाओं में अनुवाद हो जाएगा। उन्होंने देश के नागरिकों से हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं को मजबूत करने में एकजुट रहने की अपील की।

****

पंजाब विश्वविद्यालय ने कल हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 'वर्तमान में हिंदी पत्रकारिता' पर संगोष्ठी का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदी के प्रचार-प्रसार में हिंदी पत्रकारिता की भूमिका पर मंथन किया गया । केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सलाहकार प्रो. राजेश कुमार शर्मा ने हिंदी भाषा की उत्पत्ति व संवैधानिक स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि देश में हिंदी को समृद्ध करने में हिंदी पत्रकारिता ने

प्रकाशदीप की भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हिंदी ने देश को एकता के सूत्र में बांधने में भी निर्णायक भूमिका अदा की है। इस मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो अशोक कुमार ने हिंदी को राजभाषा घोषित किये जाने और कालांतर राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के आग्रह पर 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को हर साल हिंदी दिवस मनाने का निर्णय लिए जाने की जानकारी दी। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता अरुण नैथानी ने देश की आजादी के आंदोलन में एक पत्रकार के रूप में महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, डॉ बी.आर.अंबेडकर, मदन मोहन मालवीय व भारतेंदु हरिश्चंद्र के योगदान तथा हिंदी के उत्थान का उल्लेख किया।

****

केंद्र सरकार ने बासमती चावल के निर्यात के लिए पंजीकरण-सह-आवंटन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 950 डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटा दिया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में फैसले की सराहना करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले चावल के निर्यात से किसानों की कमाई बढ़ेगी। इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय भी बढ़ेगी। श्री गोयल ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लिया गया यह फैसला किसानों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

****

हरियाणा में खरीफ विपणन सीजन 2024-25 के लिए धान की खरीद 23 सितंबर से शुरू होगी और 15 नवंबर तक चलेगी। इस बार धान की अनुमानित खरीद 84 लाख टन होने का अनुमान है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा॰ सुमिता मिश्रा ने कहा कि धान खरीद के लिए 241 मंडियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बाजरा और मूंग की खरीद पहली अक्टूबर से 15 नवंबर तक होगी। उन्होंने कहा कि बाजरे की खरीद के लिए 91 मंडियां तैयार की गई हैं, इसके अलावा मूंग की खरीद के लिए 38 मंडियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मक्का की खरीद 20 सितंबर से शुरू होगी, जो 15

नवंबर तक चलेगी। मक्का की खरीद के लिए 19 मंडियां तैयार की गई हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से फसल खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

****

कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रोहतक में कल देर शाम भारतीय जनता पार्टी के मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। इस मीडिया सेंटर से प्रदेश में समन्वय के साथ-साथ पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में पार्टी के हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का थीम सांग "भरोसा दिल से, भाजपा फिर से" भी लांच किया गया। गौरतलब है कि रोहतक में ही भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश कार्यालय है, जहां से चुनाव प्रबंधन से जुड़ी तमाम गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

****